आकाशवाणी
क्षेत्रीय समाचार
देहरादून (उत्तराखण्ड)
बुधवार 11.12.2024
समय 0720

**मुख्य समाचार :–**

- राज्य में शीतकालीन प्रवास स्थलों की यात्रा पर आने वाले श्रद्धालुओं को गढवाल मंडल विकास निगम के होटलों में किराये पर 25 प्रतिशत की छूट दी जाएगी।
- मुख्य सचिव राधा रतूड़ी ने सभी जिलाधिकारियों को भू–कानून के संबंध में समाज के हर वर्ग से सुझाव लेने के निर्देश दिए।
- यूजीसी ने कहा – छात्र 12वीं कक्षा के विषयों के अलावा स्नातक के कॉमन यूनिवर्सिटी एंट्रेंस टेस्ट में किसी भी विषय में परीक्षा दे सकते हैं।
- प्रदेश में अपर सचिव स्तर के अधिकारी गांवों में रात्रि प्रवास कर स्थानीय समस्याओं को समझेंगे।

**भीतकालीन यात्रा**

केदारनाथ, बद्रीनाथ, गंगोत्री और यमुनोत्री के शीतकालीन प्रवास स्थलों की यात्रा पर आने वाले श्रद्धालुओं को गढवाल मंडल विकास निगम के होटलों में किराये पर 25 प्रतिशत की छूट दी जाएगी। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने इसकी घोषणा की है। उन्होंने अधिकारियों का शीतकालीन यात्रा स्थलों के लिए सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने को भी कहा है। सचिवालय में कल अधिकारियों के साथ आयोजित बैठक में श्री धामी ने कहा कि शीतकालीन यात्रा के लिए अलग–अलग माध्यमों से विभिन्न राज्यों में व्यापक स्तर पर प्रचार–प्रसार किया जाए। उन्होंने विश्वास जताया कि शीतकालीन यात्रा राज्य की आर्थिकी को बढ़ाने में गेम चेंजर साबित होगी। मुख्यमंत्री ने चारधाम यात्रा के दौरान पिछले वर्ष की चुनौतियों पर रिपोर्ट मांगी और यात्रा मार्गों पर पार्किंग, स्वास्थ्य सुविधाएं और स्वच्छता पर विशेष ध्यान देने को कहा। उन्होंने यात्रा को सुविधाजनक बनाने के लिए पौराणिक स्थलों के विकास और वहन क्षमता बढ़ाने की दिशा में काम करने के निर्देश दिए।

**भूकानून बैठक**

मुख्य सचिव राधा रतूड़ी ने सभी जिलाधिकारियों को भू–कानून के संबंध में समाज के हर वर्ग से सुझाव लेने के निर्देश दिए हैं। सचिवालय में वीडियों कांफ्रेंसिंग के माध्यम से आयोजित बैठक में मुख्य सचिव ने कहा कि सशक्त भूकानून के लिए धरातल स्तर पर आम जनता, सामाजिक कार्यकर्ता, राज्य आंदोलनकारी, और राजनैतिक कार्यकर्ताओं सहित सभी वर्गों के सुझावों को सम्मिलित किया जाए। बैठक में मुख्य सचिव ने बताया कि अल्मोड़ा और नैनीताल को छोड़कर सभी जिलों से रिपोर्ट प्राप्त हो चुकी हैं। उन्होंने जिलाधिकारियों से प्रत्येक तहसील में हितधारकों के साथ हुई बैठकों की संख्या स्पष्ट करने और इन बैठकों का गहन विश्लेषण करते हुए रिपोर्ट तैयार कर शासन को भेजने के निर्देश दिए। मुख्य सचिव ने तहसील स्तर पर उपजिलाधिकारियों की महत्वपूर्ण भूमिका को रेखांकित करते हुए कहा कि इन बैठकों में सभी वर्गों के सुझाव शामिल किए जाएं, ताकि सशक्त भू–कानून की दिशा में ठोस कदम उठाए जा सकें।

**कंबल वितरण**

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा है कि राज्य सरकार की प्राथमिकता है कि कोई भी व्यक्ति ठंड की चपेट में न आए। उन्होंने प्रमुख स्थानों पर बढ़ती शीतलहर के चलते अलाव जलाने के निर्देश दिए हैं। मुख्यमंत्री ने कल देर शाम राजधानी में आई.एस.बी.टी में बेसहारा और बेघर लोगों और मलिन बस्तियों में रहने वाले लोगों को सर्दी से बचाव के लिए कंबल वितरित कए। इस दौरान श्री धामी ने ट्रांसपोर्ट नगर स्थित रैन बसेरे का औचक निरीक्षण कर विभिन्न व्यवस्थाओं का जायज़ा लिया। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को रैन बसेरों में पर्याप्त बिस्तरों का प्रबंध करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि शहर में आवासहीन लोगों और परिवारों को भी रैन बसेरे में शिफ्ट किया जाए। उन्होंने खासकर बच्चों, दिव्यांगजनों, महिलाओं और बीमार लोगों को तत्काल रैन बसेरों की सुविधा देनें और वहां आवश्यकता अनुसार भोजन की व्यवस्था कराने के निर्देश भी दिए।

## पुरस्कार

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु आज नई दिल्ली के विज्ञान भवन में राष्ट्रीय पंचायत पुरस्कार प्रदान करेंगी। इस वर्ष जमीनी स्तर पर शासन और सामुदायिक विकास की व्यापक उपलब्धियों को दर्शाते हुए विभिन्न श्रेणियों में कुल 45 व्यक्तियों को पुरस्कार के लिए चुना गया है। समारोह के दौरान पंचायती राज मंत्री पुरस्कार विजेता पंचायतों की नवाचारी और प्रभावी कार्य प्रणालियों पर एक पुस्तिका का अनावरण करेंगे। मंत्रालय ने एक वक्तव्य में बताया कि इन पुरस्कारों का उद्देश्य अन्य पंचायतों को श्रेष्ठ कार्य प्रणाली अपनाने के लिए प्रेरित करना और ग्रामीण भारत के समग्र विकास में योगदान देना है।

## छूट

स्नातक पाठ्यक्रम में प्रवेश के लिए वर्ष 2025 से आयोजित होने वाली सामान्य विश्वविद्यालय प्रवेश परीक्षा में छात्रों को 12वीं कक्षा में पढ़े गए विषयों के अलावा कोई भी विषय लेने की छूट होगी। विश्वविद्यालय अनुदान आयोग के अध्यक्ष जगदीश कुमार ने बताया कि इससे छात्रों को उच्च शिक्षा के लिए अपनी पंसद का विषय चुनने में सुविधा होगी।

## पहल

उत्तराखंड सरकार ने केंद्र और राज्य की विकास योजनाओं को गांव–गांव तक प्रभावी ढंग से पहुंचाने के लिए नई पहल शुरू की है। अब अपर सचिव स्तर के अधिकारी प्रदेश के 95 विकासखंडों में जाकर योजनाओं का स्थलीय निरीक्षण करेंगे और गांवों में रात्रि प्रवास कर स्थानीय समस्याओं को समझेंगे। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि राज्य में डबल इंजन सरकार हर पात्र व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ पहुंचाने के लिए प्रतिबद्ध है। वरिष्ठ अधिकारियों के निरीक्षण से जमीनी हकीकत का पता चलेगा और योजनाएं गांवों की जरूरतों के मुताबिक तैयार होंगी। श्री धामी ने अधिकारियों को विकास कार्यों की समीक्षा, लाभार्थी योजनाओं का सत्यापन और ब्लॉक स्तर की बैठकों में भाग लेने के निर्देश दिए गए हैं। यह पहल अंत्योदय और गरीब कल्याण के संकल्प को साकार करने की ओर एक ठोस कदम है।

## आयुष्मान वय वंदना कार्ड

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज कहा कि आयुष्मान वय वंदना कार्ड के प्रति वरिष्ठ नागरिकों में जो उत्साह दिखा है, वह बहुत संतोषजनक है। सोशल मीडिया पोस्ट में श्री मोदी ने कहा कि सरकार उनके बेहतर स्वास्थ्य और लंबी आयु के लिए कोई कसर नहीं छोड़ रही है। उन्होंने वरिष्ठ नागरिकों से इस सुविधा का लाभ उठाने का आग्रह किया।

## देश का प्रकृति परीक्षण अभियान

भारतीय चिकित्सा पद्धति राष्ट्रीय आयोग और केंद्रीय आयुष मंत्रालय द्वारा चलाया जा रहा **देश का प्रकृति परीक्षण अभियान** उत्तराखण्ड में सुचारू रूप से संचालित किया जाएगा। राज्य के आयुष सचिव रविनाथ रामन ने सभी जिलाधिकारियों को इस संबंध में आवश्यक निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा है कि सभी जिलाधिकारी इस योजना के तहत प्रचार–प्रसार और स्थानीय विभागों की भागीदारी सुनिश्चित करेंगे। इस अभियान का उद्देश्य देश भर में प्राकृतिक चिकित्सा और स्वास्थ्य के प्रति लोगों में जागरूकता बढ़ाना है। देश का प्रकृति परीक्षण अभियान 26 नवंबर से शुरू हुआ, जो 25 दिसंबर तक चलेगा। आयुष सचिव ने बताया कि यह अभियान देश भर में आयुर्वेद, योग और अन्य भारतीय चिकित्सा पद्धतियों की उपयोगिता को बढ़ाने और जन–जन तक पहुंचाने का प्रयास है। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य लोगों को उनकी प्रकृति के अनुसार, स्वास्थ परीक्षण और उपचार की दिशा में जागरूक करना है।

## दुर्घटना

पौड़ी गढ़वाल जिले के द्वारिखाल में कल एक कार के अनियंत्रित होकर गहरी खाई में गिरने से एक ही परिवार के तीन सदस्यों की मृत्यु हो गई। ये सभी लोग दिल्ली से अपने गांव कुठारगांव जा रहे थे। वाहन में तीन ही लोग सवार थे।

## मौसम

प्रदेश के अधिकांश हिस्सों में आज मौसम साफ बने रहने का अनुमान है। हालांकि पर्वतीय क्षेत्रों में पाला पड़ने से शीतलहर की स्थिति बनी हुई है। साथ ही मैदानी क्षेत्रों में भी कहीं–कहीं सुबह के समय में कोहरा छाया है। मौसम विभाग के अनुसार आने वाले दिनों में मौसम साफ बना रहेगा। इस दौरान पर्वतीय क्षेत्रों में कहीं–कहीं शीतलहर चलने की संभावना है।

**और अब एक नजर समाचार पत्रों की सुर्खियों पर...**

राष्ट्रीय सहारा, दैनिक जागरण समेत कई समाचार पत्रों ने निकाय चुनाव पर आरक्षण संबंधी अध्यादेश की ख़बर को प्राथमिकता दी है। अमर उजाला लिखता है– निकाय चुनाव का रास्ता साफ आरक्षण संबंधी अध्यादेश मंजूर। हिन्दुस्तान लिखता है– उत्तराखंड में निकाय चुनाव की राह खुली। नगर निगमों में मेयर, 13 पालिका व पन्द्रह नगर पंचायतों में अध्यक्ष के पद ओबीसी के लिए हो सकते हैं आरक्षित।

उत्तराखंड में शुरू हुई शीतकालीन यात्रा के संबंध में दैनिक जागरण लिखता है शीतकालीन प्रवास स्थलों पर जीएमवीएन के होटल किराये में 25 प्रतिशत की छूट। इसी ख़बर पर अमर उजाला का शीर्षक है– शीतकालीन यात्रा में जीएमवीएन के होटलों में 25 प्रतिशत रियायत मिलेगी।

सीयूईटी यूजी में 12वीं के विषय की बाध्यता नहीं। इस ख़बर को पहले पृष्ठ में स्थान देते हुए नवोदय टाइम्स ने लिखा है– 2025 में सिर्फ कंप्यूटर आधारित होगी परीक्षा। अमर उजाला का इसी ख़बर पर शीर्षक है– विद्यार्थी अब अधिकतम पांच विषयों में दे सकेंगे परीक्षा, एनसीईआरटी पाठ्यक्रम से होंगे प्रश्न, गलत उत्तर पर नेगेटिव मार्किंग।

विश्व आयुर्वेद सम्मेलन पर एक विशेष ख़बर के साथ अमर उजाला लिखता है– मंडुवे की रोटी, झंगोरे की खीर, तिमूर की चटनी खांएगे मेहमान, विश्व आयुर्वेद सम्मेलन में मेंहमानों को परोसे जांएगे पहाड़ी पकवान।

कमांड कंट्रोल सेंटर से रखेंगे राफ्टिंग पर नज़र, बनेगी पार्किंग। इस शीर्षक के साथ दैनिक जागरण की ख़बर है– ऋषिकेश में 100 करोड़ रुपए की लागत से बनाया जाना है आधुनिक राफ्टिंग बेस स्टेशन, कंसल्टेंसी एजेंसी ने शुरू किया सर्वे।